# पीएम मित्र पार्क में 7,500 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

▶ 13 कंपनियों को जमीन आवंटित

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पीएम मित्र पार्क के दूसरे चरण में 7.5 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है, इसके लिए 13 कंपनियों ने जमीन ली है. पीएम मित्र पार्क एमपीआईडीसी द्वारा विकसित किया जा रहा है. उक्त पार्क धार जिले की बदनावर तहसील में निर्माणाधीन है. खास बात यह है कि पीएम मित्र पार्क के पहले चरण में 14 हजार करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है.

संभाग के धार जिले में बदनावर में निर्माणाधीन पी.एम. मित्र पार्क के द्वितीय चरण के तहत 13 कंपनियों को 320 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। उक्त जमीन पर लगभग 7,500 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है. इससे 16,000 से अधिक नए रोजगार पैदा होने की




संभावना है. दूसरे चरण पूरा होने के साथ ही पी.एम. मित्र पार्क में अभी तक 38 कंपनियों के निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 21,500 करोड़ रुपए हो गया है. उक्त निवेश प्रस्तावों से बदनावर इलाके में करीब 55,000 हजार रोजगार के अवसर मिलेंगे. अभी तक कुल 1,140 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। जल्दी ही तृतीय चरण शुरू किया जाएगा.

**पर्यावरणीय मानको का रख रहे ध्यान :** पीएम मित्र पार्क पर्यावरणीय मानकों का ध्यान रखकर विकसित किया जा रहा है, जिसमें 20 एमएलडी का जीरो लिक्विड डिस्चार्ज कॉमन इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 मेगावाट सोलर प्लांट, ग्रीन जोन एवं जलाशयों का विकास शामिल है. वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु पार्क में कोयला उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है.

### सामाजिक अधोसंरचना का विकास लक्ष्य

एमपीआईडीसी कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने बताया कि प्रमुख सचिव राघवेंद्रसिंह द्वारा जनवरी में चेन्नई में केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय शिविर में मध्यप्रदेश के निवेश मॉडल को प्रस्तुत किया था. इसके बाद देश की कई कंपनियों द्वारा निवेश में रुचि दिखाई गई थी. एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक प्रजापति ने बताया कि योजना का अगला लक्ष्य पी.एम. मित्र पार्क के आसपास सामाजिक अधोसंरचना का विकास करना है, जिसमें स्कूल, कॉलेज, खेल मैदान, अस्पताल, मनोरंजन केंद्र तथा कर्मचारियों हेतु सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएगी. इसके तहत सभी आय वर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आवास उपलब्ध कराने की योजना है.

# कॉपी-किताबें और ड्रेस की तय दुकानों से खरीदी पर रोक

**इंदौर.** शहर के किसी भी स्कूल द्वारा पालकों को कॉपी किटाबोर ड्रेस तय दुकानों से खरीदी करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा. यदि स्कूल ने बाध्य किया तो भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर कारवाई की जाएगी. उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश कलेक्टर आज जारी किए है.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) के तहत स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की मोनोपॉली खत्म करने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. आदेश में कहा गया है कि सभी स्कूल संचालक और प्राचार्य हर कक्षा की किताब कॉपी की सूची स्कूल की वेबसाईट पर अपलोड करेंगे. साथ ही स्कूल परिसर में सार्वजनिक बोर्ड पर भी चस्पा करेंगे. पालकों को स्कूलों द्वारा तय दुकानों से खरीदी के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा. आदेश में स्कूल संचालकों और प्राचार्य द्वारा परीक्षा परिणाम से पहले किताब खरीदने का दबाव नहीं बनाने के निर्देश दिए हैं. पालकों को किताबों की उपलब्धता के आधार पर 15 जून खरीदी की छूट रहेगी.

**तीन साल से पहले नहीं बदल सकते ड्रेस**

स्कूल ड्रेस में 3 साल के पहले बदलने और दो कलर से ज्यादा की नहीं होने पर भी प्रतिबंध लागू रहेगा. कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन लगने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्रवाई होगी. उक्त आदेश 12 फरवरी से 11 अप्रैल 2026 तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा.

# मोनोग्राफ का किया विमोचन



**इंदौर.** इंदौर के प्रसिद्ध कलाकार और फाइन आर्ट्स के प्राध्यापक श्रेणिक जैन पर लिखे मोनोग्राफ का विमोचन किया गया. डॉ सोनाली नरगुंदे विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन शाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा लिखे मोनोग्राफ का लोकार्पण राग अमीर कार्यक्रम में किया गया. पुस्तक का प्रकाशन उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत कला अकादमी भोपाल द्वारा किया गया है. ललित कला संस्थान इंदौर के प्राचार्य श्रेणिक जैन के मोनोग्राफ पर अकादमी के पूर्व अध्यक्ष जयंत भिसे ने बताया कि यह एक उत्कृष्ट प्रयोग है. इस प्रकार के लेखन से कला और समाज का सीधा संपर्क हो जाता है. मोनोग्राफ लेखन का एक प्रकार है जिसमें किसी का भी संपूर्ण जीवन वृत्त उनके कहे अनुसार शब्दों में कहा जाता है. डॉ नरगुंदे ने बताया कि कला के क्षेत्र में इंदौर का नाम भारत ही नहीं विश्व में प्रसिद्ध है. श्रेणिक जी भी इसी कड़ी के उत्कृष्ट कलाकार हैं.

इन पर लिखे मोनोग्राफ माइंड स्केपिंग के प्रणेता श्रेणिक जैन कला के शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक है.

# औद्योगिक उपयोग की जमीन पर काट दी आवासीय कॉलोनी

▶ गोलकुंडा कॉलोनी संचालकों को टीएनसीपी ने दिया दूसरा नोटिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के सुपर कॉरिडोर से लगी आईसीजी गोलकुंडा कॉलोनी संचालकों को टीएनसीपी ने आज दूसरा नोटिस जारी किया है. आज दिया नोटिस में पिछले नोटिस का जवाब नही पर कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है. उक्त आवासीय कॉलोनी 26 एकड़ से ज्यादा जमीन पर काटी गई है, जिसमें 80 प्रतिशत से ज्यादा जमीन का उपयोग मास्टर प्लान में औद्योगिक है.**

शहर में सुपर कॉरिडोर के पास और मल्हारगंज तहसील के गांव टिगरिया बादशाह में आईसीजी गोलकुंडा आवासीय कॉलोनी विकसित की गई है. इसके संचालक महेंद्र और सचिन पुरुषोत्तम पाटीदार है. उक्त जमीन का मास्टर प्लान में लैंड यूज औद्योगिक है, मगर टीएनसीपी से आवासीय कॉलोनी की अनुमति जारी कर दी. उक्त मामले में एक अधिवक्ता द्वारा शिकायत की गई थी, उसके बाद टीएनसीपी ने 8 दिसंबर को पहला नोटिस दिया था. टीएनसीए ने कॉलोनी संचालक महेंद्र और सचिन पिता पुरषोत्तम पाटीदार ने नोटिस का जवाब मांगा था, लेकिन पाटीदार बंधुओ ने जवाब नहीं दिया. ध्यान रहे कि नव भारत ने पूर्व में भी इस मामले को लेकर टीएनसीपी की कार्य शैली पर सवाल उठाए थे. उक्त कॉलोनी और खसरे पर जारी अनुमति की डिटेल्स कंप्यूटर से हटा दी है. ऑनलाइन कंप्यूटर अब उक्त गोलकुंडा कॉलोनी अनुमति को नहीं दिखा रहा है. इससे समझा जा सकता है कि नियमों को ताक में रख कर अनुमति जारी की गई है.

### संचालकों ने नहीं दिया नोटिस का जवाब

अधिवक्ता की शिकायत पर टीएनसीए ने नोटिस क्रमांक 3866 के द्वारा 8 दिसंबर 25 को नोटिस जारी किया था. नोटिस में आईसीजी गोलकुंडा कॉलोनी के संचालक महेंद्र और सचिन पाटीदार से जारी नोटिस में छलपूर्वक झूठी जानकारी देकर अनुमति लेना बताते हुए जवाब मांगा था, गोलकुंडा कॉलोनी के संचालकों नोटिस का जवाब नहीं दिया. 11 फरवरी तक जवाब नहीं देने के विरुद्ध टीएनसीपी संयुक्त संचालक ने आज पत्र क्रमांक 584 द्वारा दूसरा नोटिस जारी किया है. नोटिस में मध्य प्रदेश भूमि विकास अधिनियम 1973 एवं टीएनसीपी 2012 के प्रावधानों के तहत अनुमति निरस्ती की कारवाई करने चेतावनी दी है.

**जानकारी के बगैर दे दी विकास अनुमति**

ग्राम टिगरिया बादशाह स्थित गोलकुंडा कॉलोनी 300 सौ प्लाटों के कॉलोनी है, जो 10.93 हेक्टेयर पर औद्योगिक उपयोग की जमीन पर आवासीय बनाकर बेची गई है. उक्त कॉलोनी में जीवन भर की कमाई खर्च प्लॉट खरीदने वाले लोगों के साथ टीएनसीपी और जमीन मालिकों ने सीधा धोखा कर दिया है. सबसे बड़ी बात यह है कि नगर निगम ने भी टीएमसीपी से जानकारी लिए बगैर विकास अनुमति जारी कर दी है.




# कविताओं से काव्य रसिकों का किया मनोरंजन

▶ राष्ट्रीय पुस्तक मेले में हुआ कवि सम्मेलन

**इंदौर.** स्थानीय गांधी हॉल कैम्पस में लगे तेरहवें राष्ट्रीय पुस्तक मेला में गुरुवार को सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर अहमद निसार ने की। कवि सम्मेलन में ग्वालियर से आए प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि अमित चितवन ने हालिया घटनाक्रम पर कटाक्ष किया- क्या पता, क्या मिला हो पानी में, पानी घर में उबालकर रखिए.

मुख्य अतिथि वरिष्ठ कलाकार शायर अभिषेक स्वामी थे. इदरिस खत्री, प्रकाश गुप्ता (जबलपुर), नजमा सबा (देवास), सुरेखा भारती, कवि कुमार, (बनारस), डॉ. किरण पांचल अंकनी, दिनेश भारती, नेहा नीर, कविता चैहान, राजेन्द्र विष्वकर्मा (शाजापुर), डॉ. प्रेमा नन्द सरस्वती, देवेन्द्र साहू, के.पी.एस. चैहान आदि कवियों ने कविता पाठ किया. कवियों का स्वागत पुस्तक मेले के संयोजक चन्द्र भूषण ने किया.

आयोजित कवि सम्मेलन और विविध कार्यक्रम में स्थानीय कवियों और संस्कृति कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. कवियों ने अपने कविताओं से पुस्तक प्रेमियों और काव्य रसिक श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया. कवियों को करीब से सुनने का अवसर श्रोताओं के लिए सुखद रहा. तमाम कवियों ने अपनी कविताओं, शायरी, गजलों और नज्मों में समसामयिक संदर्भों को समेट कर जहाँ श्रोताओं को विभोर किया वहीं उन्हें पैनापन से बेचैन भी किया. रसिक श्रोताओं ने वाहवाही से शायरों का उत्साहवर्धन किया. श्रोताओं का मानना रहा कि कविता पर केन्द्रित ऐसे आयोजनों का सिलसिला जारी रहना चाहिए.

**मेले में उपयोगी पुस्तकें भी**

पुस्तक मेला बस तीन दिन और शेष हैं. मेला परिसर में प्रवेश की समयावधि दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक की है. पुस्तक मेला ज्योतिष, वास्तु, धर्म और अध्यात्म में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए उपयोगी पुस्तकें लेकर हाजिर है. यहाँ तमाम स्टॉल्स पर भारत के महान संतों, विचारकों, ज्योतिषियों, वास्तुविदों, धर्म और अध्यात्म पर केन्द्रित पुस्तकें हैं.

## गांधी हॉल में तीन दिवसीय मनी मेला आज से

**इंदौर.** इंदौर मुद्रा शोध न्यास एवं भार्गव ऑक्शंस द्वारा गाँधी हॉल में 13 से 15 फरवरी तक मनी मेला- 09 का वृहद आयोजन होने जा रहा है। भारत के गुप्तकाल स्वर्ण युग के सिक्कों के लेखक एवं संग्राहक संजीव कुमार शिवली कुमार गुप्त (अमेरिका) इस मेले का शुभारंभ करने मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर आएँगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने निवास पर गुप्त की पुस्तकों की प्रशंसा कर चुके हैं. 50 स्टाल्स वाले इस मेले में देश के प्रख्यात विद्वान, मुद्रा संग्राहक एवं व्यवसायी भी शामिल होंगे जहाँ देश के प्राचीन, मध्यकाल, मुगलकालीन एवं ब्रिटिश सरकार के समय के सिक्के देखे, ख़रीदे और बेचे जा सकेंगे. सोशल मीडिया पर सिक्कों और करेंसी नोटों के नाम पर हो रही धोखाधड़ी तथा भ्रामक जानकारियों से भी आम लोगों को इस मेले में आगाह किया जाएगा बल्कि ऐसे लोगों के लिए मेले में प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा. मुद्रा शोध न्यास के मुख्य ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि इंदौर में 9वीं बार आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय मेले में अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के डॉ. रामचंद्र ठाकुर एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक एवं फिलेटेलिक सोसायटी के अध्यक्ष रवीन्द्र नारायण पहलवान स्वागताध्यक्ष किए गए हैं.




# आकाशवाणी इंदौर ने रचा इतिहास

▶ श्रीमहाकाल राजसी सवारी के अनवरत प्रसारण पर मिला वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

**इंदौर.** आकाशवाणी इंदौर को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। विगत वर्ष 18 अगस्त को श्रीमहाकाल राजसी सवारी का आकाशवाणी इंदौर की क्रियेटिव टीम द्वारा अनवरत 5.30 घंटे तक सजीव ऑखों देखा हाल प्रसारित किया था, जिसे मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी 19 केंद्रो द्वारा एक साथ रिले किया गया. इस अभूतपूर्व कार्य की सराहना करते हुए इसे वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड की सूची में दर्ज किया गया.

इस उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आकाशवाणी इंदौर की प्रसारणकर्ता की टीम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले ब्रहमप्रकाश चतुर्वेदी, सुधा शर्मा, उदित तिवारी, मुकामसिंह चौहान, अखिलेश बाथम के साथ तकनीकी टीम से सुदर्शन अंसोलिया एवं अभय कुमार गुप्ता और कार्यक्रम विंग के साथियों को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकाशवाणी की अभूतपूर्व उपलब्धि राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास में एक नया रिकार्ड स्थापित करने की बात कही. ये रिकार्ड निर्विन वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड (एनडब्ल्यूजीआर) द्वारा प्रदान किए गए, जिसमें संस्था की सचिव लतिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं.



# इंग्लैंड के सांसद शर्मा ने डॉ. सुरेश वर्मा को दी श्रद्धांजलि

**इंदौर.** इंग्लैण्ड में भारतीय मूल के सांसद वीरेन्द्र शर्मा यहां वर्मा हॉस्पिटल परदेशीपुरा में स्वर्गीय डॉ. सुरेश वर्मा को श्रद्धांजलि देने आए. श्री शर्मा ने लेबर लॉ और भारत-यूके रिलेशनशिप बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास किए है. साथ ही वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड के प्रेसिडेंट विल्हेम जेज़लर और उनकी पत्नी पूनम जेज़लर ने डॉ. वर्मा और उनके हॉस्पिटल स्टाफ के मानव प्रेम और सेवा को सराहा. डॉ. रक्षा वर्मा, डॉ. अभ्युदय वर्मा, डॉ. दीपिका वर्मा और और अथर्व वर्मा ने आभार माना.

एक नजर में ▶ इरा कायस्थ महिला ग्रुप द्वारा वैलेंटाइन डे पर कार्यक्रम का आयोजन

# नाटकों से बताया रीति रिवाज और तीज त्यौहार का महत्व




**इंदौर.** इरा कायस्थ महिला ग्रुप द्वारा वैलेंटाइन डे के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. ग्रुप की अध्यक्ष वीना सक्सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिलाओं ने अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत किए. हिंदू रीति रिवाज और तीज त्यौहार के महत्व को दर्शाते हुए नाटकों का मंचन किया गया एवं युवा पीढ़ी को अपने तीज त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करने हेतु लघु नाटिका व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए.

इस अवसर पर महिलाओं ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में शहीद हुए 40 शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को याद किया. कार्यक्रम की संयोजिका थी मधु कुमार, डॉ साधना सक्सेना, प्रीति श्रीवास्तव, आभा हजेला. विजेता रही रक्षा सक्सेना एवं आभा कुलीन. रागिनी चक्रधर, संगीता श्रीवास्तव, संध्या भटनागर, नीलम श्रीवास्तव, कामना श्रीवास्तव, सुनीता भटनागर, रीना खरे, मिनी सक्सेना, नमिता श्रीवास्तव आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया.

## एक नजर में

### डीपी ज्वैलर्स की 'वर्ल्ड ऑफ डायमंड्स' प्रदर्शनी शुरू

**इंदौर.** डी.पी. ज्वेलर्स ने अपने इंदौर शोरूम पर 'वर्ल्ड ऑफ डायमंड्स' प्रदर्शनी की शुरुआत की है, जो 11 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित की जा रही है. इस विशेष प्रदर्शनी में प्राकृतिक हीरों से बने आभूषणों की खास और विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए प्रस्तुत की गई है. इस प्रदर्शनी में पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिज़ाइनों तक सॉलिटेयर, भव्य ब्राइडल कलेक्शन, नेचुरल डायमंड और डायमंड पोल्की आभूषण शामिल हैं. साथ ही, वैलेंटाइन सीज़न को ध्यान में रखते हुए डी.पी. ज्वेलर्स के अमोरा ब्रांड की लाइटवेट ज्वेलरी की विशेष पैटर्न भी इस आयोजन में उपलब्ध हैं. इस बार प्रदर्शनी में ऐसे डिज़ाइन प्रस्तुत किए गए हैं जो नियमित इन-स्टोर कलेक्शन का हिस्सा नहीं हैं.

### कॉइनस्विच ने जी बिज़नेस के साथ की साझेदारी

**इंदौर.** क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म कॉइनस्विच ने हिंदी बिज़नेस न्यूज़ चैनल ज़ी बिज़नेस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की. इस साझेदारी के तहत 'क्रिप्टो मार्केट पल्स' नाम की एक विशेष पहल शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य भारतीय दर्शकों के लिए क्रिप्टो की दुनिया को सरल और समझने योग्य बनाना है. 'क्रिप्टो मार्केट पल्स' ज़ी बिज़नेस पर एक विशेष सेगमेंट होगा, जिसे दर्शकों को क्रिप्टो के मूलभूत सिद्धांतों से लेकर रियल-टाइम बाज़ार विश्लेषण तक की जानकारी देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है. यह श्रृंखला विशेषज्ञों द्वारा संचालित चर्चाओं, डेटा-आधारित विश्लेषण और क्रिप्टो बाज़ार की गतिविधियों पर समयानुकूल अपडेट्स को एक साथ प्रस्तुत करेगी.

### 'मेड इन इंडिया' पुस्तक का लोकार्पण

**इंदौर.** संदीप खन्ना और मनीष सभरवाल द्वारा लिखित मेड इन इंडिया पुस्तक तीन असाधारण यात्राओं को सामने रखती है- भारत के फार्मा उद्योग का उदय, ल्यूपिन की स्थापना और विकास, तथा उसके संस्थापक देशबंधु गुप्ता का प्रेरक जीवन. पुस्तक के विमोचन के दौरान 'मेड इन इंडिया' जीवंत हो उठी, जब लेखकों और प्रकाशक ने अपनी-अपनी यात्राएँ साझा कीं. इसके बाद भारतीय फार्मा का अतीत और भविष्य विषय पर एक समृद्ध और विचारोत्तेजक पैनल चर्चा हुई, जिसमें फार्मा उद्योग के दिग्गज—दिलीप सांघवी सन फार्मा, डॉ. यूसुफ़ हामिद सिप्ला, जी.वी. प्रसाद डॉ. रेड्डीज़, विनिता गुप्ता ल्यूपिन और प्रो. एम. एम. शर्मा, पूर्व- यूडीसीटी आईसीटी—शामिल रहे.

### 'घूसखोर पंडत' फिल्म को लेकर नीरज पांडे का बयान

**इंदौर.** नीरज पांडे ने कहा कि हमारी फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है. इसमें पंडत नाम सिर्फ एक काल्पनिक किरदार के लिए रखा गया है यह कहानी किसी एक व्यक्ति के काम और उसके फैसलों पर आधारित है. इसका किसी भी जाति, धर्म या समुदाय से कोई संबंध नहीं है और न ही यह किसी का प्रतिनिधित्व करती है. हमें इस बात का एहसास है कि फिल्म के शीर्षक से कुछ दर्शकों के भावनाओं को ठेस पहुँची है, और हम उन भावनाओं का दिल से सम्मान करते हैं. इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए, हमने फिलहाल फिल्म से जुड़ी सभी प्रचार सामग्री हटाने का फैसला किया है. हमारा मानना है कि फिल्म को पूरी तरह देखकर और कहानी को समझकर ही कोई राय बनाई जानी चाहिए,

### एलजी के तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित

**इंदौर.** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की. कंपनी ने क्यू3 एफवाई26 में 41.14 अरब का राजस्व दर्ज किया, जबकि क्यू3 एफवाई25 में यह 43.96 अरब था. इस तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन 4.8प्रतिशत रहा. त्योहारों के बाद मांग में उम्मीद से कम बढ़त के बावजूद, एलजी इंडिया ने होम अप्लायंसेज और होम एंटरटेनमेंट जैसे मुख्य क्षेत्रों में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ़ सेल्स एवं मार्केटिंग ऑफिसर हांग जू जियोन ने कहा एलजीई इंडिया ने बाहरी कारकों से प्रभावित पिछले सुस्त तिमाही के बावजूद प्रमुख बी2सी खंडों में 1 स्थान बनाए रखा है. हमने अपने नए बीईई-रेटेड पोर्टफोलियो को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से पुष्टि हुई नई मजबूती के साथ क्यू4 में प्रवेश किया है.

### इकोफाई ने एथर एनर्जी के साथ की साझेदारी

**इंदौर.** ग्रीन-ऑन्ली एनबीएफसी इकोफाई ने एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है. इससे वह एथर के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर इकोसिस्टम में पसंदीदा फाइनेंसिंग पार्टनर के रूप में काम करेगी. इकोफाई की को-फाउंडर, एमडी और सीईओ, राजश्री नांबियार ने कहा ई-व्हीकल्स को अपनाना सही फाइनेंसिंग समाधानों तक पहुंच पर निर्भर करता है. एथर एनर्जी के साथ हमारी साझेदारी मजबूत प्रोडक्ट ऑफरिंग और स्पेशलाइज्ड ग्रीन फाइनेंस को साथ लाती है, जिससे ग्राहकों को आत्मविश्वास, सामर्थ्य और लचीलेपन के साथ ईवी अपनाने में मदद मिलती है. एथर एनर्जी के चीफ बिजनेस ऑफिसर, रवनीत फोकेला ने कहा इकोफाई के साथ यह साझेदारी एथर खरीदने वाले ग्राहकों के लिए उपलब्ध फाइनेंसिंग विकल्पों की श्रृंखला को और व्यापक बनाती है.

### वीआईटी भोपाल ने किया हेल्थ-हैक का शुभारंभ

**इंदौर.** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी अमेरिका के सहयोग से हेल्थ-हैक 2026 का शुभारंभ किया. दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और भविष्य की स्वास्थ्य तकनीकों के लिए प्रभावी समाधान तलाशना है. कार्यक्रम में देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधकर्ता और नवाचारकर्ता शामिल हुए. उद्घाटन वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, ट्रस्टी रमणी बालासुंदरम, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन, प्रो वाइस चांसलर टीबी श्रीधरन और एक्टिंग रजिस्ट्रार केके. नायर की उपस्थिति रही. हेल्थ-हैक संयोजक डॉ. सिद्धार्थ मैती ने बताया कि आयोजन अकादमिक जगत और उद्योग के बीच सेतु का कार्य करते हुए सार्थक स्वास्थ्य नवाचारों को प्रोत्साहित करता है.

### डाक विभाग और एनएसई ने की साझेदारी

**इंदौर.** डाक विभाग (डीओपी) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने आज एनएसई एमएफ इन्वेस्ट प्लेटफॉर्म पर साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. इस साझेदारी का उद्देश्य गाँवों और छोटे शहरों के लाखों लोगों की छोटी-छोटी बचत को सही दिशा देकर उन्हें म्यूचुअल फंड निवेश के जरिए मजबूत संपत्ति में बदलना है, ताकि मानक बचत को लाभकारी म्यूचुअल फंड निवेश में लगाया जा सके. एमओयू पर डाक विभाग की महाप्रबंधक मनीषा बंसल बादल और एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने एनएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीषकुमार चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए. सीईओ आशीषकुमार चौहान ने कहा में डाक विभाग से साझेदारी कर पूँजी बाजार तक पहुँच को आसान बनाने पर गर्व है.

### कोटक महिंद्रा बैंक ने शुरू किया 'सेहत का सफर 4.0'

**इंदौर.** कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने प्रमुख कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम 'सेहत का सफर 4.0' के चौथे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की है. यह पहल खास तौर पर देश के ट्रक ड्राइवरों, ट्रांसपोर्टरों और उनके परिवारों के लिए नि:शुल्क निवारक स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराती है. कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट- लॉजिस्टिक्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर, अमित मोहन ने कहा देश का लॉजिस्टिक्स क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसकी मजबूती उन लोगों पर निर्भर करती है जो इसे आगे बढ़ाते हैं. 'सेहत का सफर 4.0' के माध्यम से हम सीधे ट्रांसपोर्ट हब्स तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं, ताकि ड्राइवर और उनके परिवार समय पर जांच और उपचार का लाभ ले सकें. इससे न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि एक सशक्त और स्वस्थ कार्यबल तैयार होगा, जो देश की सतत आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### जियोहॉटस्टार पर सबसे अधिक देखा जाने वाला प्रोग्राम द 50

**इंदौर.** बनिजय एशिया का कार्यक्रम द 50 ओटीटी मंच पर सबसे अधिक देखा जाने वाला कार्यक्रम बन गया है. ऑरमैक्स मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसे जियोहॉटस्टार पर 65 लाख की व्यूअरशिप प्राप्ति हुई है. यह उपलब्धि अत्यंत कॉम्पिटिशन में सामने आई है, जहाँ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विश्व कप, महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताएँ और लोकप्रिय धारावाहिक जैसे धुरंधर भी प्रसारित हो रहे थे. बनिजय एशिया और एंडेमोलशाइन इंडिया के फाउंडर और ग्रुप सीईओ दीपक धर ने कहा द-50 की सफलता इस बात को और सुनिश्चित करती है कि जब सोच-समझकर लोकलाइज़ किया जाए तो भारतीय दर्शक बोल्ड, इनोवेटिव और सच में ग्लोबल फॉर्मेट के लिए तैयार हैं.

### एचपी ने पेश किए नए डेस्कजेट प्रिंटर्स

**इंदौर.** एचपी ने आज भारत में डेस्कजेट ऑल-इन-वन (एआईओ) प्रिंटर्स की नई रेंज पेश की. इस रेंज को विशेष रूप से छात्रों, अभिभावकों और पेशेवरों के लिए होम प्रिंटिंग को ज्यादा स्मार्ट, सरल और रोचक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है. एचपी इंक में इंडिया मार्केट-प्रिंट कैटेगरी के सीनियर डायरेक्टर सतीश कुमार ने कहा भारतीय घरों में लगातार बदलाव हो रहा है. ऐसे में परिवारों में इस तरह के नेक्स्ट जनरेशन प्रिंटिंग सॉल्यूशंस की जरूरत बढ़ रही है, जो कॉम्पैक्ट, वाई-फाई इनेबल्ड और प्रयोग में आसान हों तथा उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से घुल-मिल जाएं. नई एचपी डेस्कजेट सीरीज को इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है.